भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची

**Indian Institute of Information Technology Ranchi**

(An Institute of National Importance under an Act of Parliament)

**Ranchi, Jharkhand, India**

## IIIT Ranchi and NIAMT Ranchi Sign MoU to Strengthen Academic, Research and Industry

दैनिक भास्कर रांची 10-12-2025

# ट्रिपल आईटी व एनआईएएमटी रांची के बीच हुआ एमओयू



**सिटी रिपोर्टर •** ट्रिपल आईटी, रांची और एनआईएएमटी, रांची ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान नवाचार, कौशल विकास और उद्योग जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। आईआईआईटी रांची के निदेशक प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव और एनआईएएमटी, रांची के रजिस्ट्रार प्रोफेसर अरविंद पांडे ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**Dainik Bhaskar- December 10, 2025**

## IIIT Ranchi and NIAMT Ranchi Sign MoU to Strengthen Academic, Research and Industry

# शैक्षणिक क्षेत्र में रिसर्च और नवाचार महत्वपूर्ण : प्रो राजीव




आरटाइम-2025 में स्मारिका का विमोचन करते अतिथि.

**संवाददाता, रांची**

- एनआइएएमटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आरटाइम 2025 शुरू

शैक्षणिक क्षेत्र में शोध और नवाचार बहुत महत्वपूर्ण है. इसे बढ़ावा देने की जरूरत है. वर्तमान समय में इंडस्ट्री की मांग को देखते हुए छात्र-छात्राओं को ट्रेंड करना होगा. ये बातें ट्रिपल आइटी रांची के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआइएएमटी) रांची में कही. वे यहां इलेक्ट्रॉनिक्स व कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आरटाइम-2025 को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. कॉन्फ्रेंस का विषय इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग, मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स में हाल के ट्रेंड्स पर आधारित है.

यह आयोजन झारखंड काउंसिल ऑन साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन, डिपार्टमेंट ऑफ हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन, झारखंड सरकार के सहयोग से किया जा रहा है. इसमें इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग, मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स के फील्ड में जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई. उद्घाटन समारोह में आइआइटी दिल्ली के प्रो पीएम पांडे, एनआइएएमटी के रजिस्ट्रार अरविंद पांडे, यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरेंस, इटली के प्रो फ्रांसिस्को फ्लेमिनी, कन्वेनर विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग डॉ मधु कुमारी, को-ऑर्डिनेटर डॉ शालिनी महतो, डॉ रविंदर पाल सिंह आदि उपस्थित रहे.

**शोध एवं अकादमिक विकास को लेकर हुआ एमओयू** : इस अवसर पर एनआइएएमटी रांची और ट्रिपल आइटी रांची के बीच एक एमओयू हुआ. इसके तहत शोध एवं अकादमिक विकास को लेकर कई पहल किये जायेंगे. एनआइएएमटी के रजिस्ट्रार प्रो अरविंद पांडेय व ट्रिपल आइटी के डायरेक्टर डॉ राजीव श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किये.

**Prabhat Khabar- December 6, 2025**